>

Title: Need to set up an airport in Ajmer, Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : महोदय, अजमेर, राजस्थान की हृदयस्थली में स्थित है। अजमेर नगर का ऐतिहासिक, समाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, पुरातत्व, पर्यटन तथा शिक्षा की दृष्टि से देश में विशिष्ट स्थान है। 1956 तक अपनी विशिष्ट भौगोलिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान के कारण अजमेर ' ग' श्रेणी का केन्द्रशासित प्रदेश था। इसके बाद इसका राजस्थान में विलय कर दिया गया। अजमेर के पास पुष्कर नामक महत्वपूर्ण तीर्थस्थान है। अजमेर के दरगाह शरीफ की जियारत करने तथा पुष्कर में स्नान करने एवं मंदिरों के दर्शन करने प्रतिवर्ष देश/िवदेश से लाखों जायरीन एवं तीर्थयात्रियों का आना जाना लगा रहता है। देश से आने वाला हर तीसरा पर्यटक राजस्थान और विशेषतः अजमेर, पुष्कर आने की आकांक्षा रखता है। अजमेर तथा पुष्कर में विदेशी भी बहुत बड़ी संख्या में पर्यटन एवं धर्मलाभ की दृष्टि से आते हैं।

परन्तु ऐसा महत्वपूर्ण शिक्षा, धर्म, संस्कृति और इतिहास का केन्द्र अजमेर आजादी के 60 वर्ष पश्चात भी हवाई सेवाओं से नहीं जुड़ पाया है। यद्यपि अजमेर राष्ट्रीय राजमार्गों तथा महत्वपूर्ण रेल मार्गों द्वारा सब ओर से जुड़ा है परन्तु देश विदेश से हवाई यात्रा से आने वाले पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों को हवाई यात्रा के लिए जयपुर अथवा दिल्ली उतरकर पुनः सड़क या रेल मार्ग से अजमेर की यात्रा करनी पड़ती है, जिसके कारण इनका बहुत अधिक समय, शक्ति तथा धन का अपव्यय होता है।

अतः भारत सरकार से आग्रहपूर्वक अनुरोध है कि अजमेर जैसे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं पर्यटन के महत्व वाले नगर को अविलंब हवाई सेवाओं से जोड़ने हेतु तुंत हवाई अड्डे की स्थापना की जाये।